दिल्ली यातायात पुलिस

<u>यातायात निर्देशिका</u>

<u>2 सितंबर, 2023 को G -20 कारकेड रिहर्सल</u>

जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए फुल ड्रेस रिहर्सल दिनांक 2 सितंबर, 2023 को प्रातः 0830 बजे से की जायेगी । रिहर्सल के हिस्से के रूप में, कारकेड दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से नई दिल्ली जिले की ओर बढेगा ।

<u>समय का विवरण:</u>

i.	0830 बजे से 1200 बजे तक
ii.	1630 बजे से 1800 बजे तक
iii.	1900 बजे से 2300 बजे तक

कारकेड की रिहर्सल के लिए, निम्नलिखित बिंदुओं पर यातायात की आवाजाही पर नियमन लागू होंगे:

सरदार पटेल मार्ग - पंचशील मार्ग	11 मूर्ति
सरदार पटेल मार्ग - कौटिल्य मार्ग	R/A तीन मूर्ति
R/A जीकेपी	R/A गोल मेथी
R/A MLNP	R/A मानसिंह रोड
C – हेक्सागन	मथुरा रोड
जाकिर हुसैन मार्ग - सुब्रमण्यम भारती मार्ग	भैरों रोड - रिंग रोड
R/A ब्रिगेडियर होशियार सिंह मार्ग	R/A **यशवंत प्लेस**
R/A **सत्य मार्ग/शांतिपथ**	R/A **कौटिल्य**
R/A **विंडसर प्लेस**	**जनपथ – कर्तव्यपथ**
बाराखंभा रोड रेड लाइट	**टॉलस्टॉय मार्ग - जनपथ**

R/A **क्लैरिज**	विवेकानंद मार्ग
मोती बाग फ्लाईओवर के नीचे	लोधी फ्लाईओवर के नीचे
प्रेस एन्क्लेव रोड - लाल बहादुर शास्त्री मार्ग	चिराग दिल्ली फ्लाईओवर के नीचे
जोसेफ टीटो मार्ग - सिरी फोर्ट रोड	शेरशाह रोड

यात्रियों को इन सड़कों और जंक्शनों पर भीड़ का अनुभव हो सकता है। सड़क उपयोगकर्ताओं से अनुरोध है कि वे तदनुसार अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं और निर्दिष्ट समय सारणी के दौरान उपर्युक्त सड़कों और जंक्शनों से बचें। हालांकि, यदि यात्रा अपरिहार्य है तो यात्रियों को मेट्रो सेवाओं का अधिकतम उपयोग करने की सलाह दी जाती है।

सुझाए गए मार्ग:

सड़क यात्रा के दौरान वाहन चालकों को निम्नलिखित मार्गों का उपयोग करने की सलाह दी जाती है:

उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर

- रिंग रोड - आश्रम चौक - सराय काले खां - महात्मा गांधी मार्ग - आईपी फ्लाईओवर - महात्मा गांधी मार्ग - आईएसबीटी कश्मीरी गेट - रिंग रोड - मजनू का टीला

- एम्स चौक से रिंग रोड- धौला कुआं- रिंग रोड- बरार स्क्वायर- नारायणा फ्लाईओवर- राजौरी गार्डन जंक्शन- रिंग रोड- पंजाबी बाग जंक्शन- रिंग रोड- आजाद पुर चौक

पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर

- डीएनडी फ्लाईओवर - रिंग रोड - आश्रम चौक - मूलचंद अंडरपास - एम्स चौक - रिंग रोड - धौला कुआं - रिंग रोड - बरार स्क्वायर - नारायणा फ्लाईओवर तक

- युधिष्ठिर सेतु - बुलेवार्ड रोड - रानी झांसी रोड - न्यू रोहतक रोड - पंजाबी बाग चौक - रिंग रोड

रेलवे स्टेशनों के लिए

यात्री नई दिल्ली रेलवे स्टेशन और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन की यात्रा के लिए अपने निजी वाहनों, टीएसआर, टैक्सियों का उपयोग कर सकते हैं । हालांकि, सड़क यात्रा के दौरान उन्हें कुछ भीड़ और परिणामस्वरूप देरी का सामना करना पड़ सकता है । इसलिए उन्हें सलाह दी जाती है कि वे अपनी यात्रा की योजना अग्रिम समय लेकर बनायें । रेलवे स्टेशनों तक आसान और अधिक सुविधाजनक पहुंच के लिए यात्रियों को मेट्रो सेवाओं का अधिकतम उपयोग करने की सलाह दी जाती है ।

हवाई अड्डे के लिए

यात्री हवाई अड्डे की यात्रा के लिए अपने निजी वाहनों, टीएसआर, टैक्सियों का उपयोग कर सकेंगे । हालांकि, सड़क यात्रा के दौरान उन्हें कुछ भीड़ और परिणामस्वरूप देरी का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए उन्हें सलाह दी जाती है कि वे अपनी यात्रा की योजना अग्रिम समय लेकर बनायें । रेलवे स्टेशनों तक आसान और अधिक सुविधाजनक पहुंच के लिए यात्रियों को मेट्रो सेवाओं का अधिकतम उपयोग करने की सलाह दी जाती है, विशेष रूप से नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन से **आईजीआई एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन** के माध्यम से **द्वारका सेक्टर** 21 **मेट्रो स्टेशन** को जोड़ने वाली **एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन** का उपयोग करें ।

सिटी बस सेवाएं

सिटी बस सेवाएं बड़े पैमाने पर प्रभावित नहीं होंगी, तथापि, वास्तविक समय यातायात की स्थिति के आधार पर उन्हें नई दिल्ली जिले में कुछ सड़क मार्गों से मोड़ा जा सकता है ।

वाहन चालकों से धैर्य रखने, यातायात नियमों और सड़क अनुशासन का पालन करने और सभी चौराहों पर तैनात यातायात पुलिस कर्मियों के निर्देशों का पालन करने का अनुरोध किया जाता है। लोगों से यह भी अनुरोध किया जाता है कि असुविधा से बचने के लिए पर्याप्त समय के साथ अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं ।